भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं.1455
उत्तर देने की तारीख 12 फरवरी, 2026

दिल्ली घोषणा पत्र और भारत 6 जी गठबंधन

1455 श्री मिलिंद मुरली देवराः

क्या ***संचार*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) क्या नौ अंतरराष्ट्रीय निकायों ने भारत 6जी संगोष्ठी, 2025 में दिल्ली घोषणा पत्र के माध्यम से भारत 6जी गठबंधन को समर्थन दिया है;
(ख) सुरक्षा, पारदर्शिता, लचीलापन, समावेशिता और संधारणीयता पर आधारित मूलभूत सिद्धांत क्या हैं;
(ग) हस्ताक्षरकर्ता निकायों के नाम और सहयोग का स्वरूप क्या है;
घ) यह वैश्विक 6जी अनुसंधान और मानक-निर्माण में भारत की भूमिका को किस प्रकार सुदृढ़ करता है; और
(ङ) क्या भारत की 6जी कार्यनीति में इन सिद्धांतों को लागू करने के लिए कोई राष्ट्रीय रूपरेखा और समय-सीमा मौजूद है?

उत्तर
संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) से (घ) जी हाँ। भारत 6जी संगोष्ठी 2025 में नई दिल्ली घोषणा शीर्षक से संयुक्त वक्तव्य के माध्यम से, अंतरराष्ट्रीय निकायों ने भावी 6जी नेटवर्क के लिए मूल सिद्धांतों का समर्थन किया, इनमें अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित भी शामिल हैं:

- विश्वसनीय और सुरक्षित
- अनुकूल और भरोसेमंद
- ओपन और इंटरऑपरेबल

- समावेशी और किफ़ायती।
- टिकाऊ

यह सामूहिक रुख 6 जी को एक वैश्विक सार्वजनिक वस्तु के रूप में मानता है।
हस्ताक्षरकर्ता निकायों में प्रमुख वैश्विक और क्षेत्रीय 6जी और उन्नत कनेक्टिविटी अलायंसेंस, अनुसंधान प्लेटफॉर्म और उद्योग आधारित फोरम शामिल हैं, अर्थात्:

1. भारत 6जी अलायंस
2. 6जी स्मार्ट नेटवर्क्स एंड सर्विसिस इंडस्ट्री एसोसिएशन (6जी-आईए)
3. एटीआईएस' नेक्सटजी अलायंस
4. एक्सजी मोबाइल प्रमोशन फोरम (एक्सजीएमएफ)
5. 6जी फोरम
6. 6जी ब्रासील
7. यूके-इंडिया फ्यूचर नेटवर्क्स इनिशिएटिव (यूकेआईएफएनआई) एंड यूके टेलीकॉम्स इनोवेशन नेटवर्क (यूके टीआईएन)
8. यूके फ़ेडरेटेड टेलीकॉम हब्स (सीएचईडीडीएआर, एचएएससी, जेओआईएनईआर और टीआईटीएएन)
9. 6जी फ्लैगशिप, ओउलू विश्वविद्यालय

सहयोग की प्रकृति में 6जी अनुसंधान और नवाचार पर वैश्विक सहयोग को सुदृढ़ करना, 3जीपीपी और आईटीयू सहित वैश्विक मानकीकरण गतिविधियों पर दृष्टिकोणों का एलाइनमेंट, इंटरऑपरेबिलिटी को बढ़ावा देना और विश्वसनीय और अनुकूल 6जी इकोसिस्टम का विकास शामिल है।

यह वैश्विक 6जी अनुसंधान और मानक-निर्धारण में भारत की भूमिका को सुदृढ़ करता है, जिससे अंतरराष्ट्रीय संवाद, भारतीय स्टार्टअप, एमएसएमई, शिक्षाजगत और अनुसंधान संस्थानों की गहन भागीदारी और भारत को वैश्विक 6जी इकोसिस्टम में एक प्रमुख योगदानकर्ता के रूप में स्थापित किया जा सकता है।

(ड.) सरकार ने मार्च 2023 में भारत 6जी विजन डॉक्यूमेंट जारी किया है, जिसका उद्देश्य 6जी नेटवर्क प्रौद्योगिकियों को ड़िजाइन, विकसित और डिप्लॉय करना है। ये टेक्नोलॉजी दुनिया को हाई क्वालिटी लिविंग एक्सपीरियंस के लिए सर्वव्यापी इंटेलिजेंट और सिक्योर कनेक्टिविटी प्रदान करेगी, ताकि 2030 तक भारत 6जी टेक्नोलॉजी में ग्लोबल लीडर बन सके। कृपया विस्तृत विजन दस्तावेज़:(https://dot.gov.in/sites/default/files/Bharat%206G%20Vision%20Statement%20-copy%202_1.pdf) पर देखा जा सकता है।

*****